भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3627
उत्तर देने की तारीख 04.04.2022

पीएमईजीपी के तहत रोजगार सृजन

3627# श्री नीरज डांगी

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत कितने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की स्थापना की गई है;

(ख) उनके द्वारा सृजित रोजगार का राज्य-वार ब्यौरा क्या है: और

(ग) रोजगार सृजन और लघु उद्यमों के वित्तपोषण के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री
(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) और (ख) एमएसएमई मंत्रालय खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के माध्यम से गैर-कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म-उद्यमों की स्थापना करके देश में स्व-रोज़गार सृजन के अवसरों का सृजन करने के लिए प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) का कार्यान्वयन कर रहा है।

विगत तीन वर्षों के दौरान पीएमईजीपी के अंतर्गत स्थापित सूक्ष्म उद्यमों और उनके द्वारा सृजित अनुमानित रोजगार के ब्यौरों की राज्यवार संख्या **अनुबंध** में दी गई है।

(ग) इसके अलावा, केवीआईसी ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में स्व-रोज़गार के अवसर प्रदान करने के लिए निम्न कार्यक्रमों का भी कार्यान्वयन कर रहा है:

(i) **हनी मिशन:** इस कार्यक्रम के अंतर्गत, मधुमक्खी बक्सों सहित मधुमक्खी कॉलोनियों, टूल किट और प्रशिक्षण प्रदान किए जा रहे हैं ताकि मधुमक्खी पालकों के रूप में किसानों, आदिवासियों और ग्रामीण युवाओं की आय में वृद्धि की जा सके।

(ii) **कुम्हार सशक्तिकरण कार्यक्रम:** इस कार्यक्रम के अंतर्गत, ग्रामीण कुम्हारों को प्रशिक्षण सहित इलेक्ट्रिक पॉटरी व्हील, ब्लंगर आदि जैसे नवीन ऊर्जा दक्ष उपकरण प्रदान किए गए हैं।

मंत्रालय सूक्ष्म और लघु उद्यम(एमएसई) क्षेत्र के संवर्धन के लिए निम्नलिखित स्कीमों का भी कार्यान्वयन कर रहा है:

(i) मंत्रालय **परंपरागत उद्योगों के पुनर्सृजन के लिए निधि स्कीम (स्फूर्ति)** का भी कार्यान्वयन कर रहा है जिसका उद्देश्य परंपरागत उद्योगों और कारीगरों को समूहों में संगठित करना और उन्हें उन्नत उपकरणों, कच्चे माल की खरीद, सामान्य सुविधा केंद्रों के निर्माण, प्रशिक्षण, डिज़ाइन और विपणन सहायता आदि में सहायता के साथ सतत रोज़गार प्रदान करना है।

(ii) **सूक्ष्म और लघु उद्यम –क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी)** का उद्देश्य 20 या उससे अधिक समान मूल्य श्रृंखला वाले उद्योगों को क्लस्टरों में आयोजित करके समान सुविधा केंद्रों, अवसंरचना विकास और समान फैक्टरी परिसरों का सृजन करना है।

(iii) **सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी स्कीम (सीजीटीएमएसई)** के अंतर्गत, खुदरा गतिविधियों सहित, नए और मौजूदा सूक्ष्म और लघु उद्योग को दाता संस्थानों द्वारा संपार्श्विक मुक्त ऋण सुविधा (सावधि ऋण और/अथवा कार्यशील पूंजी) विस्तरित की जाती है।

****

अनुबंध

दिनांक 04.04.2022 को राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3627 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

विगत तीन वर्षों के दौरान पीएमईजीपी के अंतर्गत स्थापित सूक्ष्म इकाइयों की संख्या और अनुमानित रोजगार सृजन

		2018-19		2019-20		2020-21	
क्र. सं.	राज्य का नाम	स्थापित सूक्ष्म इकाइयां	अनुमानित रोजगार सृजन	स्थापित सूक्ष्म इकाइयां	अनुमानित रोजगार सृजन	स्थापित सूक्ष्म इकाइयां	अनुमानित रोजगार सृजन
1	जम्मू और कश्मीर	7529	60232	5355	42840	8575	68600
2	लद्दाख (केंद्र शासित प्रदेश)	0	0	0	0	281	2248
3	हिमाचल प्रदेश	1399	11192	1226	9808	1208	9664
4	पंजाब	1801	14408	1695	13560	1650	13200
5	चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश	28	224	14	112	10	80
6	हरियाणा	2165	17320	2029	16232	1740	13920
7	दिल्ली	132	1056	93	744	74	592
8	राजस्थान	2359	18872	3024	24192	2772	22176
9	उत्तराखंड	2181	17448	1844	14752	2249	17992
10	उत्तर प्रदेश	5243	41944	6118	48944	9994	79952
11	छत्तीसगढ	3094	24752	2810	22480	2718	21744
12	मध्य प्रदेश	2526	20208	2175	17400	4854	38832
13	सिक्किम	55	440	79	632	57	456
14	अरुणाचल प्रदेश	280	2240	211	1688	98	784
15	नागालैंड	1208	9664	1109	8872	740	5920
16	मणिपुर	1291	10328	1173	9384	1556	12448
17	मिजोरम	1123	8984	760	6080	810	6480
18	त्रिपुरा	1179	9432	963	7704	842	6736
19	मेघालय	390	3120	377	3016	359	2872
20	असम	3737	29896	2587	20696	2939	23512
21	बिहार	3303	26424	2216	17728	2192	17536
22	पश्चिम बंगाल	2413	19304	2222	17776	2070	16560
23	झारखंड	1797	14376	1544	12352	1522	12176
24	ओडिशा	3070	24560	2723	21784	3171	25368
25	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	229	1832	93	744	155	1240
26	गुजरात	3500	28000	3983	31864	2854	22832
27	महाराष्ट्र	5642	45136	4406	35248	3104	24832
28	गोवा	78	624	90	720	58	464
29	आंध्र प्रदेश	2220	17760	2188	17504	1677	13416
30	तेलंगाना	2051	16408	2174	17392	2025	16200
31	कर्नाटक	3657	29256	3697	29576	4437	35496
32	लक्षद्वीप	0	0	0	0	3	24
33	केरल	2486	19888	2438	19504	2389	19112
34	तमिलनाडु	5185	41480	5173	41384	5188	41504
35	पुदुचेरी	76	608	64	512	44	352
	कुल योग	**73427**	**587416**	**66653**	**533224**	**74415**	**595320**